nt>

Title: Need to increase the transmission range of Doordarshan Kendra, Jaipur.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : मैं आधे मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा।

MR. SPEAKER: I appreciate that.

श्री गिरधारी लाल भार्गव : अध्यक्ष महोदय, आपका जो संरक्षण मुझे मिला है, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

जयपुर में एक दूरदर्शन केन्द्र है। उसके द्वारा प्रसारित समाचार और अन्य प्रसारण बाड़मेर, जैसलमेर जो राजस्थान का एक कोना है, वहां दिखाई नहीं देते हैं। इसके ि वपरीत इन इलाकों में पाकिस्तान दूरदर्शन के कार्यक्रम आसानी से देखे जा सकते हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र जयपुर में बस्सी नामक जगह पर भी हमारे दूरदर्शन के कार्यक्रम दिखाई नहीं देते। इसी प्रकार प्रोग्राम प्रोड्यूसर कार्यक्रम निर्धारण का केन्द्र भी केवल मात्र जयपुर केन्द्र ही है, राजस्थान में अन्य कहीं नहीं है। इसलिए मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जयपुर में दूरदर्शन का शक्तिशाली ट्रांसमिशन सिस्टम लगाया जाए, जिससे बाड़मेर और जैसलमेर के इलाकों में भी देश के दूरदर्शन के कार्यक्रम देखे जा सकें। अगर जयुपर में बड़ा ट्रांसमिशन सिस्टम लगाया जाएगा तो मेरे संसदीय क्षेत्र और राजस्थान के अन्य क्षेत्रों की प्राब्लम भी हल हो जाएगी।

MR. SPEAKER: The citizens of Jaipur are lucky to get you as an MP.